प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय द्वारा 17वें एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस (एएससी) का आयोजन

पंतनगर। 4 सितम्बर 2024। राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (नास) के तत्वाधान में 17वें एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस (एएससी) का आयोजन फरवरी 20–22, 2025 को गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में किया जा रहा है। इस हेतु आज पूर्वाह्न में विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये प्रथम विवरणिका, एएससी का लोगो तथा एएससी को समर्पित वेबसाइट का अनावरण राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष डा. हिमांशु पाठक, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा किया गया। अकादमी के सचिव (मत्स्य) डा. वजीर सिंह लाकरा द्वारा तीन दिन चलने वाले कांग्रेस में विभिन्न तकनीकी सत्रों, पैनल डिस्कशन आदि के बारे में प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर डा. आर.सी. अग्रवाल उपमहानिदेशक (कृषि शिक्षा), डा. डी.के. यादव सहायक महानिदेशक तथा अकादमी के अन्य अधिकारी सभागार में उपिस्थित थे तथा वर्चुअल माध्यम से भी अकादमी के सम्मानित फैलो जुड़े थे।

कार्यक्रम का प्रारम्भ अकादमी के अध्यक्ष डा. हिमांशु पाठक द्वारा एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए किया गया। डा. पाठक द्वारा कांग्रेस के सफल आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान से अपेक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि 16वीं कांग्रेस का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सेंट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टिट्यूट, कोची में बहुत सफलता के साथ हुआ था और पंतनगर विश्वविद्यालय से भी यही अपेक्षा है।

कुलपति डा. चौहान द्वारा अकादमी के अध्यक्ष एवं इस अवसर पर भौतिक रूप से तथा वर्चुअल रूप में जुड़े सभी गणमान्य का स्वागत किया गया और उन्होंने अकादमी के अध्यक्ष डा. हिमांशु पाठक के नेतृत्व में विश्वविद्यालय द्वारा 17वीं एग्रीकल्चर साइंस कांग्रेस एवं एएससी एक्सपो के सफल आयोजन हेतु सभी को आश्वस्त किया। कांग्रेस के आयोजन सचिव डा. ए.एस. नैन द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये गये विवरणिका, लोगो तथा वेबसाइट के बारे में बताते हुए कांग्रेस के सफल आयोजन हेतु अन्य तैयारियों के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों के साथ–साथ नोबल पुरस्कार एवं वर्ल्ड फूड प्राइज से पुरस्कृत महान विभूतियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। कांग्रेस के सफल आयोजन हेतु वित्त की व्यवस्था, आमंत्रण पत्र, आगंतुकों हेतु ठहरने के लिए होटल एवं अतिथि गृह में कक्षों की उपलब्धता तथा एएससी एक्सपो को एक वृहद स्तर पर आयोजित करने के विषय में बताया गया। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित अकादमी के पदाधिकारियों एवं वर्चुअल मोड से जुड़े अकादमी के प्रतिष्ठित फैलो यथा डा. जे.एस. संधु, डा. ई.वी.एस. प्रकाशा राव, डा. वेंकटास्वरलू, डा. प्रसाद मीनाक्षी, डा. के.एल.एम. पाठक, डा. सुभाष पुरी, डा. डी.के. यादव, डा. पी.एल. गौतम, डा. एच.एस. बरियाना आदि द्वारा भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। नास युवा डा. हरिता द्वारा भी युवा वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों के कांग्रेस में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम के अंत में अकादमी के सचिव (मत्स्य) डा. वजीर सिंह लाकरा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त कई विद्यार्थी नास फैलो हैं और उनके द्वारा पंतनगर में 17वीं एग्रीकल्चर सांइस कांग्रेस के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पूर्ण सहयोग देने की बात कही गयी। कार्यक्रम में डा. ए.एस. नैन के अलावा डा. जे.पी. जायसवाल, निदेशक संचार तथा शोध निदेशालय के संयुक्त निदेशक डा. पी.के. सिंह, डा. धीरेन्द्र सिंह, डा. अनिल कुमार यादव, डा. सुमित चतुर्वेदी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किये प्रथम विवरणिका, एएससी का लोगो तथा एएससी को समर्पित वेबसाइट का अनावरण करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।

राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष डा. हिमांशु पाठक, सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विवरणिका, लोगो तथा वेबसाइट का वर्चुअल माध्यम से अनावरण करते।

निदेशक संचार